समाचार वाणी
ख़बर जो करें असर !

नाशिक | Tuesday, 22 September 2026

# चीन को बड़ा झटका देगें ट्रंप ? ड्रैगन की नकेल कसने के लिए USA

Publisher Published on 22 Jan 2025



## USA Tarrifs On China: अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने अपने शपथ ग्रहण के बाद कई बड़े लिए है. वहीं उन्होंने अब एशियाई देश चीन पर शुल्क लगाने का फैसला लिया है. उनका यह फैसला एक नशीले पदार्थ से जुड़ा होगा.

अमेरिकी राष्ट्रपति पद की शपथ लेने के बाद से डोनाल्ड ट्रंप कई बड़े फैसले ले चुके हैं. वहीं उनके कई फैसलों का विरोध भी हो रहा है. हाल ही में ट्रंप की ओर से कहा गया है कि उनकी टीम **1 फरवरी 2025** से चीन पर 10 प्रतिशत शुल्क लगाने पर विचार कर रही है. ट्रंप का कहना है कि चीन पर शुल्क लगाने का यह फैसला इस पर आधारित होगा कि वह **कनाडा-मेक्सिको** को फेंटानिल भेज रहा है या नहीं. बता दें कि फेंटानिल एक तरह का नशीला पदार्थ होता है, जो हेरोइन से 50 गुना ज्यादा शक्तिशाली होता है.

### चीन पर शुल्क लगाएगा USA

अमेरिका के राष्ट्रपति ने **सॉफ्टबैकं के CEO मासायोशी सोन**, ओरेकल के **मुख्य चीफ टेक्नोलॉजी अधिकारी लैरी एलिसन** और **ओपन AI के CEO सैम ऑल्टमैन** के साथ व्हाइट हाउस में आयोजित ज्वॉइंट प्रेस कॉफ्रेंस में चीन पर 10 प्रतिशत शुल्क लगाने की बात कही. ट्रंप ने कहा,' हम चीन पर 10 प्रतिशत शुल्क लगाने पर विचार कर रहे हैं, जो मेक्सिको और कनाडा को चीन की ओर से फेंटानिल भेजने के तथ्य पर आधारित होगा.'

### मेक्सिको पर भी लगाएंगे शुल्क

अमेरिकी राष्ट्रपति ने एक सवाल के जवाब में कहा कि वह शुल्क को 1 फरवरी 2025 से प्रभावी करने पर विचार कर रहे हैं. ट्रंप ने कहा कि वह मेक्सिको और चीन पर 25 प्रतिशत शुल्क लगाने के बारे में बात करते रहे हैं. वहीं एक दूसरे सवाल के जवाब में उन्होंने कहा कि पिछले हफ्ते जब चीन के **राष्ट्रपति शी जिनपिंग** से बात करते समय उन्होंने शुल्क के बारे में बहुत ज्यादा बात नहीं की थी.

वहीं ट्रंप से जब यह पूछा गया कि क्या उन्होंने चीनी राष्ट्रपति **शी जिनपिंग** से यूक्रेन में युद्ध रोकने के मामले में हस्तक्षेप करने के लिए कहा तो इस पर ट्रंप ने कहा कि चीन ने इस मामले में बहुत अधिक कुछ नहीं किया है.

### पश्चिमी एशिया का दौरा करेगें ट्रंप

बता दें कि डोनाल्ड ट्रंप ने **इजरायल-हमास युद्ध** से प्रभवित पश्चिमी एशिया का दौरा करने का विचार किया है, हालांकि इसको लेकर उन्होंने कहा है कि वह इस पर कोई जल्दबाजी नहीं करना चाहते हैं. अमेरिकी राष्ट्रपति ने कहा कि उनकी पहली प्रथमिकता बंधकों को वापस लाना है. इसके साथ ही ट्रंप ने हमास की ओर से 7 अक्टूबर 2023 को इजरायल में हुए हमले को बेहद दुखद स्थिति बताया. उन्होंने कहा कि इजरायल पर हमला नहीं होना चाहिए था.

---

DISCLAIMER: the views/contents expressed/presented herein, within this advertorial and promotional feature are the sole and exclusive responsibility of individual clients/expert/their authorised representative/Publisher, to which effect, publication house/its representative/affiliates are not responsible/liable whatsover.